वार्ड परिक्रमा | दोनों वार्ड के वासियों को आज भी पक्के आवास की तलाश

# पूजन सामग्री और मूर्तियों को बेचकर कर रहे जीवन यापन



**जबलपुर, नवभारत।** नर्मदा नदी के तट पर बने तिलवारा घाट अपने आप में खास है। एक ओर ये इलाका शहर में नर्मदा नदी का आगमन करता है, तो वही दूसरी ओर इसके पुराने बने पुल के इर्द गिर्द दो वार्ड बसे हुए हैं। खास बात ये है कि पुराने पुल के पहुंच मार्ग के अगल बगल सरदार वल्लभभाई पटेल और त्रिपुरी वार्ड बसे हुए हैं। लेकिन इन दोनों वार्डवासियों की समस्याएं मिलती जुलती है। वार्ड की पड़ताल करने गई नवभारत की टीम को वार्डवासियों ने बताया उन्हें आज भी प्रशासन से अपने आवास की चाहत है। वार्ड के नर्मदा बर्मन ने बताया कि बरसात के मौसम में नर्मदा नदी का पानी पहुंच मार्ग तक आ जाता है जिसके कारण व्यापार बुरी तरह प्रभावित होता है। दोनों वार्ड के ज्यादातर वासी पूजन पाठ की सामग्री एवं संगमरमर से बनी मूर्तियों को बेचकर अपना जीवन यापन करते हैं।


### कानून की नजर में कुछ और

जब नवभारत की टीम द्वारा दोनों वार्डो के वासियों की समस्याएं पार्षदों के समक्ष रखनी चाही, तो त्रिपुरी वार्ड के पार्षद द्वारा फोन नहीं रिसीव किया गया। वही, सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड के पार्षद सामने आए और नवभारत को बताया कि यहां रह रहे लोगों के मकान और उसमें संचालित की जा रही दुकाने नजूल की जमीन पर बनी हुई है। माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश अनुसार किसी भी नदी के तट के 300 मीटर के आसपास के क्षेत्र में कोई भी निर्माण नहीं किया जा सकता है। ऐसे में लोगों द्वारा आवास की मांग करना जायस नहीं समझ में आ रहा है।

### कब बनेगी स्वीकृत हो चुकी सड़क?

प्रशासन से अपने आवास की मांग करने के बाद दोनों वार्ड के वासियों ने बताया कि लगभग पांच माह पूर्व पुराने तिलवारा ब्रिज पहुंच मार्ग की सड़क के निर्माण कार्य को नगर निगम द्वारा स्वीकृत मिल चुकी है। परंतु आज तक इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। बता दें कि इस सड़क के एक ओर त्रिपुरी वार्ड तो दूसरी ओर सरदार वल्लभ भाई वार्ड बसा हुए हैं। वहीं वार्ड वासियों ने यह भी बताया कि दोनों ही वार्ड में सफाई व्यवस्था पटरी पर है। इसे थोड़ा दुरुस्त और किया जा सकता है।

#### इनका कहना है



हमारा परिवार पिछले 80 वर्षों से यहां रह रहा है। हम लोग संगमरमर से बनी भगवान की मूर्तियो को बेचकर जीवन यापन करते हैं।

**नर्मदा बर्मन**



अगर प्रशासन द्वारा हमें आवास दे दिया जाएगा तो हमें बहुत राहत मिलेगी अभी बरसात के समय परेशानी झेलनी पड़ती है।

**लक्ष्मी प्रसाद**



इसमें तो कोई शक नहीं की बरसात के मौसम में पानी ऊपर मुख्य मार्ग तक पहुंच जाता है और ये प्राय: हर साल बरसात के मौसम में होता ही है।

**बसंत पांडेय**

यहां रह रहे लोग मूर्तियां और पूजन पाठ सामग्री बेचकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। रही बात सड़क की तो इसे स्वीकृति मिल चुकी है और शीघ्र ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

**अनुपम जैन**
**पार्षद, सरदार वल्लभ भाई वार्ड**

# सड़क हादसों में चार मौतें, मातम में बदली पर्व की खुशियां

**खमरिया, बरेला, पनागर, खितौला में हुए हादसे**



**जबलपुर।** शहर और ग्रामीण अंचल में हुए तीन अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई। हादसे के चलते रक्षाबंधन पर्व की खुशियां मातम में बदल गई। जब लाशें घर पहुंची तो चीख पुकार मच गई। परिजन शवों से लिपटकर रोते-बिखलते रहे। यह हादसे खमरिया, पनागर, बरेला, खितौला थाना क्षेत्र में हुए हैं।

बरेला पुलिस के मुताबिक शनिवार को रतन सिंह निवासी ग्राम कुटेली ने सूचना दी कि भतीजा फग्गनसिंह मरावी 23 वर्ष निवासी कुटेली को पहाड़ी खेड़ा के पास अज्ञात वाहन चालक ने वाहन को लापरवाही पूर्वक एवं तेज रफ्तार चलाते हुए टक्कर मार दी हादसे में फग्गन सिंह को गंभीर चोटें आ गई जिसे तत्काल उपचार के लिए पीएचसी बरेला ले जाया गया जहां से मेडिकल कॉलेज रेफर करने पर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था दौरान उपचार के फग्गनसिंह मरावी 23 वर्ष निवासी कुटेली की मौत हो गई।वहीं खितौला पुलिस ने बताया कि आलोक पटैल 26 वर्ष निवासी ग्राम बड़ी पड़रिया खितौला का पान उमरिया रोड पड़रिया मोड़ के पास एक्सीडेण्ट हो गया जिसमें उसे गंभीर रूप से चोटें आ गई परिजनों द्वारा उसे शासकीय अस्पताल सिहोरा ले जाया गया जहां डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत उसे मृत अवस्था घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के लिए भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया। इसी प्रकार पनागर थाना में मेडिकल कॉलेज से सूचना मिली कि सड़क दुर्घटना में घायल केशलाल चौधरी 45 वर्ष निवासी ग्राम बिहर थाना पनागर को उपचार के लिए भर्ती कराया गया था दौरान उपचार मौत हो गयी है।

### फोरव्हीलर ने रौंदा, दो बाइकों में मारी टक्कर, एक मौत, दो घायल

खमरिया थाना अंतर्गत आमाखोह में बेलगाम फोरव्हीलर ने दो बाइकों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि दो घायल हो गए। खमरिया पुलिस के मुताबिक खमरिया पुलिस ने बताया कि रविन्द्र गौंड 32 वर्षीय निवासी डुमना का शनिवार सुबह मोटर सायकिल से कुंडम स्थित ससुराल जाने के लिए निकला। दोपहर 11 बजे वह जैसे ही आमाखोह के पास पहुंचा तभी स्कार्पियों क्रमांक एमपी 20 जेडएमए 4600 के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। इसकेबाद एक अन्य बाइक में टक्कर मार दी जिसमें सवार दो युवक घायल हो गए। रविन्द्र की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

**पार्षद समेत दो पर प्रताड़ना का आरोप**

# प्रॉपर्टी डीलर ने खाया जहर

**जबलपुर।** संजीवनी नगर थाना अंतर्गत लोधी मोहल्ला में रहने वाले एक प्रॉपर्टी डीलर ने जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया हैं। जिसे आनन-फानन में तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उसे भर्ती कर लिया गया। प्रॉपर्टी डीलर ने पार्षद समेत दो लोगों पर प्रताड़ना, परेशान करने और पैसे न देने का आरोप लगाया हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक लोधी मोहल्ला में रहने वाला संजय पटेल 31 वर्षीय का प्रॉपर्टी डीलर है। जिसने जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया इलाज के लिए उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। संजय का आरोप है कि एक प्रॉपर्टी विवाद के मामले में गढ़ा वार्ड पार्षद मनीष पटैल ने केस में न केवल समझौता करवाया था उसे भरोसा दिलाया था कि वह प्रॉपर्टी और रूपए वापिस दिलवा देंगे लेकिन ऐसा नहीं किया। मामला वापिस लेने के बाद न तो उसे प्लॉट दिया गया और न ही अब तक पूरे पैसे वापिस दिए गए। उसने पार्षद और सिद्धार्थ गौतम पर प्रताड़ना, परेशान करने और पैसे न देने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

#### इनका कहना है

**जांच के बाद होगी कार्रवाई**

युवक ने जहर खाया हैं। गढ़ा वार्ड के पार्षद मनीष पटैल, सिद्धार्थ गौतम पर उसने प्रॉपर्टी संबंधित केस वापिस लेने के बाद पूरे पैसे, प्लाट न देने और परेशान प्रताड़ना का आरोप लगाया है मामले की जांच चल रही हैं जांच में जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

**बी.डी. द्विवेदी**
**थाना प्रभारी, संजीवनी नगर**

**आरोप निराधार है**

आरोप निराधार है। जिन्होंने मुझ पर आरोप लगाये हैं उनसे मैं कभी नहीं मिला हुआ हूं, मुझे उनके जहर खाने की जानकारी लगी हैं इसके पीछे कोई और बात होगी मैं अभी गांव में हूं।

**मनीष पटैल**
**पार्षद, गढ़ा वार्ड**

### दाल मिल मालिक समेत ठेकेदार पर गैर इरादतन हत्या की एफआईआर

जबलपुर। अधारताल थाना अंतर्गत रिछाई स्थित दाल मिल में शेड डालते समय खजरी वायपास निवासी गेंदलाल चौधरी 37 वर्ष ऊंचाई से गिर गया था और सिर में गंभीर चोटें आने से उसकी मौत हो गई थी। मर्ग जांच में खुलासा हुआ कि बिना सुरक्षा उपकरणों के काम कराया जा रहा था जिसके बाद पुलिस ने ठेकेदार छोटू उर्फ इमामुद्दीन सैफी व एकता दाल मिल के मालिक विशाल मतानी मिल मालिक समेत ठेकेदार के खिलाफ गैरइरादतन हत्या की एफआईआर दर्ज कर ली है।



## रक्षाबंधन पर भारी भीड़ दीनदयाल चौराहा पर लगा जाम

**लोगों को हुई भारी परेशानी, ट्रैफिक व्यवस्था रही लचर**

**नवभारत, जबलपुर।** रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर सभी लोग अपने भाई- बहन के घर जाने के उत्सुक रहे। जिसको लेकर आईएसबीटी दीनदयाल चौराहा में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जहां बड़े वाहन और ई- रिक्शा जाम का कारण बनते नजर आए, वहीं आईएसबीटी से निकलने और आने वाली बसें चौराहे पर फंस रही थी, जिसके कारण यात्रियों और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

इसके अलावा चुंगी नाका में भी जाम की स्थिति बन रही थी। लोगों ने बताया कि दोपहर के समय चौराहे पर इतना जाम था कि वाहन रेंग-रेंगकर चल रहे थे। कई लोग अपने गंतव्य तक समय पर नहीं पहुंच सके।

# रिटायर्ट आर्मी मैन कोर्ट में पेश, तीन दिन की रिमांड मिली

▸ **जालसाजी कर कैसे तैयार किए फर्जी दस्तावेज,सेना में नौकरी दिलाने के नाम पर कईयों के साथ लाखों की धोखाधड़ी का मामला**



**जबलपुर।** सेना में नौकरी दिलाने के नाम पर कईयों के साथ लाखों की धोखाधड़ी करने वाले रिटायर्ड आर्मी मैन को रांझी पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद शनिवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे पुलिस ने तीन दिन की रिमांड पर ले लिया हैं। अब पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ करते हुए पता लगाने में जुट गई है कि उसने जालसाजी करते हुए आर्मी से जुड़ी नियुक्तियों समेत अन्य फर्जी दस्तावेज कैसे तैयार किए इस फर्जीवाड़े में और कौन-कौन शामिल हैं। रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि अरविंद कोल पिता किशोरी लाल कोल रांझी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पिता स्वर्गीय किशोरी लाल जम्मू एंड कश्मीर रेजीमेंट सेंटर जबलपुर आर्मी सिविल डिफेंस में सफाई कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे जिनका स्वर्गवास 25 नवम्बर 2016 को हो गया उसके 1 साल बाद उसके द्वारा अनुकंपा नियुक्ति के लिए जे एण्ड के रेजिमेंट में आवेदन पत्र दिया गया था 25 अक्टूबर 2024 को राजेश कुमार लांस नायक मिला था जो बोला कि मैं तुम्हारे पिता को जानता था वह मेरे साथ नौकरी करते थे मेरी अंदर, ऑफिस कार्यालय में जान पहचान है मैं आर्मी अधिकारियो से बात करके तुमको अनुकंपा नियुक्ति दिलवा दूंगा वह उसकी बातों में आ गई। इसके बाद राजेश ने सेना में नौकरी अनुकंपा नियुक्ति दिलवाने के नाम फर्जी जाली ज्वाइनिंग लेटर देकर 4 लाख 80 हजार रूपये हड़प लिए। अप्रैल 2025 में जब वह अनुकंपा नियुक्ति पत्र का जाली ज्वाइनिंग पत्र लेकर सेना के अधिकारियों से जाकर मिला तो उसे पता चला कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है। इसी प्रकार आरोपी ने एम. एच आर्मी हास्पिटल में नौकरी लगवाने का झांसा देकर पूजा गुप्ता से 5,80,000 रूपये आनलाईन यूपीआई के माध्यम से व नगद 55,000 रूपये एवं आशीष कोल से 64,000 रूपये ऑनलाईन यूपीआई के माध्यम से व 1,56,000 रूपये नगद एवं संगीता कोल से 3,00,000 रूपये ऑनलाईन यूपीआई के माध्यम से व नगद 75,000 रूपये लिए थे इस तरह कुल 12,30,000 रूपये नगदी एवं स्वयं, अपनी पत्नी ममता राजभर व जतिन राजभर के युपीआई में लिये गए थे। आरोपी राजेश राजभर आर्मी से सेवानिवृत हैं। मामले में मिलिट्री इंटेलिजेंस की टीम ने शातिर जालसाज को पकड़ा। जिसे रांझी पुलिस के हवाले किया गया था जहां पुलिस ने पीड़ितों की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। इसके बाद शनिवार को उसे न्यायालय में पेश करने के बाद तीन दिन की रिमांड में लिया हैं।





























